तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, मंगलवार 13 जनवरी 2026

बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़

14 स्वामी विवेकानंद की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई



13 छात्राओं को सिखाए सुरक्षा और सेहत के गुर साइबर...



# ग्राम दुधली में प्रथम राष्ट्रीय रोवर-रेंजर जंबूरी का समापन, मुख्यमंत्री ने युवाओं को आदर्श जीवन के लिए प्रेरित किया

## युवाओं में आत्मनिर्भरता और नेतृत्व कौशल का विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

स्काउट एक जीवन पद्धति है, जो हमें चुनौतियों का सामना करने तथा अभाव में भी जीवन जीना सीखाती है। स्काउटिंग के दौरान व्यक्ति जो मूल्यों एवं आदर्शों को ग्रहण करता है वो उनके भावी भविष्य के साथ–साथ राष्ट्र व समाज के नव निर्माण हेतु भी अत्यंत सहायक सिद्ध होता है। उक्त बाते मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने ग्राम दुधली में आयोजित प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी के समापन अवसर पर कही। इस अवसर पर उन्होंने देश के विभिन्न राज्यों से पधारे रोवर रेंजरो एवं स्काउट्स गाइड्स का भगवान श्री राम के ननिहाल एवं माता शबरी की तपोभूमि छत्तीसगढ़ में आत्मीय अभिनंदन एवं स्वागत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होने कहा कि देश में पहली बार इस स्तर की राष्ट्रीय रोवर–रेंजर जंबूरी का आयोजन किया गया, जिसके लिए छत्तीसगढ़ राज्य का चयन होना ऐतिहासिक उपलब्धि है। यह जंबूरी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के संकल्पना को साकार करती है। देश के कोने–कोने से आए रोवर–रेंजरों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों, झांकियों और गतिविधियों के माध्यम से भारत की विविधता में एकता का सुंदर प्रदर्शन किया।

■ 'स्काउटिंग केवल प्रशिक्षण नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है' : मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय





मुख्यमंत्री ने स्वामी विवेकानंद के प्रेरणादायी वाक्य "उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए" का उल्लेख करते हुए युवाओं से उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने ▶▶| शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### डौंडीलोहारा में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 14 को

**डौंडीलोहारा।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था डौंडीलोहारा में दिनांक 14 जनवरी बुधवार को जीनस पावर इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड द्वारा प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें स्मार्ट इलेक्ट्रिक मीटर इंस्टालर पद हेतु विद्युतकार एवं वायरमैन व्यवसाय में उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों तथा अन्य व्यवसाय में उत्तीर्ण प्रशिक्षण जिन्हें इलेक्ट्रीशियन कार्य का अनुभव हो, को इस प्लेसमेंट कैंप में मौका दिया जाएगा। साक्षात्कार के लिए अभ्यर्थियों को अपने समस्त दस्तावेजों के साथ शासकीय औद्योगिक संस्था डौंडीलोहारा में सुबह 10 बजे उपस्थित हो कर अपना पंजीयन कराना होना होगा।

### रामानंदाचार्य संप्रदाय का रक्तदान शिविर, आम नागरिकों से सहभागिता की अपील

**डोंडी।** जगद्गुरु रामानंदाचार्य नरेंद्राचार्य जी की प्रेरणा से रामानंदाचार्य संप्रदाय द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांती इस वर्ष भी पूरे भारत में 4 जनवरी से 18 जनवरी तक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में रामानंदाचार्य संप्रदाय भक्त सेवा मण्डल जिला बालोद द्वारा रविवार दिनांक 14 जनवरी को मंगल भवन बस स्टैंड पटेली (घोटिया) में सुबह 9 बजे से आयोजित है । पिछले वर्ष पूरे भारत में रामानंदाचार्य संप्रदाय द्वारा 1,36,272 यूनिट रक्तदान किया गया था। एक रक्तदान तीन जिंदगियों की उम्मीद होता है, इंसानियत के लिए रक्तदान प्रमुख माना गया है। धन अनेक है, पुण्य अनेक हैं,परंतु जब जीवन संरक्षण होता है तब वह पुण्य सर्वश्रेष्ठ होता है, रक्तदान ही प्रत्यक्ष ईश्वर सेवा है। आयोजकों ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस रक्तदान शिविर में सहभागी बनें और मानवता के इस महाअभियान में अपना अमूल्य योगदान देकर किसी जरूरतमंद के जीवन को नई आशा प्रदान करें।

### जिला पंचायत सदस्य ने रोवर-रेंजर जंबूरी आयोजन समिति पर लगाया आरोप


**बालोद/देवरी।** जिला पंचायत सदस्य बालोद सभापति महिला एवं बाल विकास विभाग जिला बालोद चुन्नी मानकर ने बड़े कार्यक्रम में नजर अंदाज करते हुए आमंत्रण ना देते हुए कार्यक्रम कार्ड में नाम तक ना होने का आरोप आयोजन समिति पर लगाया है। जिला पंचायत सदस्य बालोद सभापति महिला एवं बाल विकास विभाग जिला बालोद चुन्नी मानकर ने कहा कि वह जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 7 का एक महिला आदिवासी जनप्रतिनिधि हूं, उन्होने कहा आज मेरे क्षेत्र क्रमांक 7 दूधली (मालीघोरी) में नेशनल रोवर रेंजर जंबूरी का आयोजन पांच दिवसीय किया जा रहा है जो कि मेरे क्षेत्र क्रमांक 7 के अंतर्गत आता है, उस कार्यक्रम में आमंत्रण अप्राप्त है और न ही उस कार्ड में मेरा नाम अंकित नहीं किया गया। आए दिन मुझे क्षेत्र क्रमांक 7 से कार्यकर्ताओं एवं मतदाताओं द्वारा फोन कॉल के माध्यम से लगातार पूछ परख ▶▶| शेष पेज 12 पर



सौगात : व्यापारियों, पार्षदों, सरपंच संघ और समाज के विभिन्न वर्गों ने मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत किया

# मुख्यमंत्री ने गुंडरदेही में 233 करोड़ के विकास का किया भूमिपूजन व लोकार्पण और दी करोड़ों की सौगात





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मुख्य आतिथ्य में सोमवार को नगर पंचायत गुण्डरदेही मे 233 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाले विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने गुण्डरदेही को एक आधुनिक और स्वच्छ शहर बनाने के लिए कई घोषणाएं की।

मुख्यमंत्री को व्यापारी संघ द्वारा लड्डुओं से तौला गया। नगर पंचायत के सभी पार्षदों, सरपंच संघ, युवा मोर्चा, भाजपा मंडल पदाधिकारी, जनपद अध्यक्ष व सदस्य जिला भाजपा के पदाधिकारी, साहू, सोनकर, सतनामी, निषाद, सर्व आदिवासी समाज, देवांगन, कबीर पंथ साहू समाज, अधिवक्ता संघ, सचिव संघ एवं महिला कमांडो एवं अन्य सैकड़ो लोगों ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने बालोद जिले का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने स्वागत भाषण एवं मांग पत्र सौपा। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि आज केवल पत्थरों का लोकार्पण नहीं हो रहा, बल्कि हमारे नगर के सपनों की नई नींव रखी जा रही है। हमारा लक्ष्य गुण्डरदेही को प्रदेश का एक मॉडल नगर पंचायत बनाना है। उन्होंने मुख्यमंत्री के समक्ष मजदूरों के पट्टा अधिकार, प्रधानमंत्री आवास और उज्ज्वला योजना के विस्तार की बात भी प्रमुखता से रखी।

■ सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, सामुदायिक भवन, सीसी रोड, ओवरब्रिज और आधुनिक कॉम्प्लेक्स का भूमिपूजन किया

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध प्रदेश है, हमारी सरकार का संकल्प हर वर्ग तक विकास पहुंचाना है। उन्होंने महतारी वंदन योजना और प्रधानमंत्री आवास जैसी योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि इनका सीधा लाभ गरीबों को मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनके विजन से गुण्डरदेही का संतुलित विकास हो रहा है।

### इनकी रही उपस्थित

विशिष्ट अतिथि के रूप में कांकेर सांसद भोजराज नाग, पूर्व सांसद मोहन मंडावी, तीमिरेद्धु सिंह कंवर, शेखर कंवर, टीआर कंवर, राजेंद्र राय, विरेंद्र साहू, दयाराम साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर, भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख, यज्ञदत्त शर्मा, नरेश यदु, देवलाल ठाकुर, ठाकुर राम चंद्राकर, टीनेश्वर बघेल, गुलशन साहू, विजय सोनकर, मंडल अध्यक्ष युवराज मारकंडे, कुलदीप साहू, प्रकाश सिन्हा, जीतू गुप्ता, सुभाष चंद्राकर, विजय सोनकर, हरीश निषाद समेत भाजपा के जिला पदाधिकारी, समस्त पार्षद, बड़ी संख्या में ग्रामीण जन व व्यापारी संघ के प्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम मे मुख्यमंत्री ने उज्जवला गैस योजना, दिव्यागों को ट्राइसिकल और मोबाइल सेट, किसानों को बीज वितरण, प्रधानमंत्री आवास जिनका पूर्ण हुआ उनको मकान की चाबी सौंपी एवं अन्य सामग्री का वितरण किया गया।

### मुख्यमंत्री ने किए विकास की बड़ी घोषणाएं

मुख्यमंत्री ने नगर की अधोसंरचना को मजबूती देने के लिए बड़ी घोषणाएं की। जिसमें तीन करोड़ रुपए सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना के लिए जिससे नगर प्रदूषण मुक्त और स्वच्छ बनेगा। एक करोड़ रुपए से सर्व सुविधायुक्त सामुदायिक भवन के निर्माण हेतु। एक करोड़ रुपए विभिन्न वार्डों में सीसी रोड़ के लिए। उन्होने 54 करोड़ की लागत से बनने वाले ओवरब्रिज का भूमिपूजन किया गया, 1.17 करोड़ की लागत से बनने वाले 40 दुकानों के आधुनिक कॉम्प्लेक्स से स्थानीय व्यापार को गति मिलेगी। माहुद में कॉलेज भवन का भूमिपूजन 4 करोड़, रेंगाकठेंरा में कंवर समाज के भवन हेतु 50 लाख रुपए, साथ ही मंडी बोर्ड, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क, लोक निर्माण विभाग, 20 लाख रूपए का मेन रोड गुण्डरदेही से शीतला मंदिर जाने वाले रोड का भूमि सहित स्वास्थ्य विभाग, लोक निर्माण विभाग, सेतु विभाग एवं अन्य विभाग के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण हुआ।

## दुधली में राष्ट्रीय रोवर-रेंजर्स जंबूरी बना विविधता में एकता का जीवंत मंच



**बालोद।** जिले के ग्राम दुधली के प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर्स जंबूरी में हर प्रांत की लोक–संस्कृति, वेशभूषा, संगीत और नृत्य ने ऐसा समां बांधा कि "विविधता में एकता" का संदेश हर पल जीवंत दिखाई दिया।

जिसमें खास कर राजस्थान की प्रस्तुतियों में पारंपरिक परिधान, लोकधुनें और गीतों की उमंग–ऊर्जा से भरे कार्यक्रमों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। लोकनृत्यों और गीतों के माध्यम से मरुधरा की सांस्कृतिक शान झलकी। वहीं पंजाब की प्रस्तुति में जोश,फुर्ती और आत्मविश्वास साफ नजर आया। "सारी दुनिया तों अन्नदाता होन्दा" जैसे संदेशों के साथ भांगड़ा–गिद्दा ने कृषि संस्कृति और श्रम की महत्ता को रेखांकित किया। इसी प्रकार दिल्ली को "शहरों का शहर नहीं, बल्कि देश की धड़कन" के रूप में प्रस्तुत किया गया। फिल्मी गीतों, आधुनिक रैंप प्रस्तुतियों और सांस्कृतिक कोलाज ने राजधानी की बहुरंगी पहचान को उभारा।

■ देशभर की लोकसंस्कृति, वेशभूषा और नृत्यों का भव्य संगम



तेलंगाना राज्य की प्रस्तुतियों में लोकनृत्य, वाद्य और समकालीन रंगमंच का सुंदर समन्वय देखने को मिला, जिसने दक्षिण भारतीय सांस्कृतिक धारा को प्रभावी ढंग से सामने रखा। छत्तीसगढ़ लोकनृत्यों की मिठास भरी प्रस्तुति में सुआ, मदार और ददरिया जैसे लोकनृत्यों का समावेश रहा। सादगी, सामूहिकता और लोकजीवन की खुशबू से भरे इन नृत्यों ने दर्शकों की खूब ▶▶| शेष पेज 12 पर

# सर्व समाज ने व्यवहार न्यायालय चिखलाकसा स्थानांतरण के विरोध में खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

प्रस्तावित व्यवहार न्यायालय को चिखलाकसा में स्थापित किए जाने के निर्णय के विरोध में अब डौंडी ब्लॉक के सर्व समाज ने खुला मोर्चा खोल दिया है। रविवार को डौंडी में आयोजित सर्व समाज की संयुक्त बैठक में यह स्पष्ट कर दिया गया कि व्यवहार न्यायालय को ब्लॉक मुख्यालय डौंडी में ही स्थापित किया जाना चाहिए। बैठक में शामिल सभी समाजों एवं जनप्रतिनिधियों ने इस मांग के समर्थन में लिखित हस्ताक्षरयुक्त पत्र अपने-अपने लेटर पैड पर सौंपे, जो इस मुद्दे की गंभीरता और जनभावना को दर्शाता है। इस बैठक में सर्व आदिवासी समाज (हल्बा, गोंड), मुस्लिम समाज, सर्व पिछड़ा वर्ग, नगर पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, भाजपा मंडल अध्यक्ष, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष, डौंडी नगर जमींदारीन मंदिर समिति, व्यापारी संघ सहित विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं राजनीतिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि व्यवहार न्यायालय को चिखलाकसा ले जाना डौंडी ब्लॉक की जनता के साथ अन्याय है। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि सर्व समाज द्वारा हस्ताक्षरित यह मांगपत्र मुख्यमंत्री, विधि एवं विधायी कार्य मंत्री, लोकसभा सांसद कांकेर, क्षेत्रीय विधायक एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश को सौंपा जाएगा। इससे पूर्व व्यापारी संघ डौंडी द्वारा माननीय राज्यपाल, उच्च न्यायालय बिलासपुर के न्यायाधिपति एवं जिला न्यायाधीश बालोद को भी मांगपत्र भेजा जा चुका है।

व्यापारी संघ की इस पहल को पूरे डौंडी ब्लॉक की जनता का व्यापक समर्थन मिल रहा है। बैठक में वक्ताओं ने दो टूक कहा कि यह केवल न्यायालय का प्रश्न नहीं, बल्कि डौंडी की प्रशासनिक गरिमा, सुविधा और अधिकारों की लड़ाई है। यदि न्यायालय चिखलाकसा में स्थापित किया गया तो आम नागरिकों, ग्रामीणों, महिलाओं और वादकारियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा।

# लक्ष्मी नारायण का राष्ट्रीय खो-खो प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन

**अंडा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भिलाई, विकासखंड गुंडरदेही, जिला बालोद के कक्षा आठवीं के छात्र लक्ष्मी नारायण यादव का चयन राष्ट्रीय स्तर की खो-खो प्रतियोगिता के लिए हुआ है। लक्ष्मी नारायण, पिता सुखलाल यादव, 14 वर्ष बालक वर्ग में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, राष्ट्रीय खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन राजस्थान के केकरी में 16 से 21 जनवरी तक किया जाएगा, जिसमें लक्ष्मी नारायण छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। लक्ष्मी नारायण पिछले लगातार दो वर्षों से अपनी पी.टी.आई. के मार्गदर्शन में नियमित अभ्यास कर रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। लक्ष्मी नारायण के चयन पर शाला परिवार में हर्ष का माहौल है। चयन पर शाला की प्राचार्य के. लता वेणुगोपाल, व्यायाम शिक्षक योगेंद्र कुमार, ग्राम पंचायत भिलाई के सरपंच, शाला विकास समिति, पूर्व माध्यमिक विद्यालय के समस्त स्टाफ एवं प्राथमिक शाला के समस्त स्टाफ ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है तथा आशीर्वाद प्रदान किया है।



## कलेक्टर ने स्काउट एवं गाइड की उपलब्धियों की सराहना की

# जंबूरी: कलेक्टर दिव्या ने किया नेशनल हेडक्वार्टर स्टॉल का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी के अंतर्गत दुधली में आयोजित भारत स्काउट एवं गाइड नेशनल हेडक्वार्टर स्टॉल का शुभारंभ कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने किया। इस अवसर पर उन्होंने स्टॉल में प्रदर्शित जानकारी का अवलोकन करते हुए भारत स्काउट एवं गाइड संगठन के गौरवशाली इतिहास और उपलब्धियों की सराहना की।

नेशनल हेडक्वार्टर स्टॉल में वर्ष 1950 के बाद से स्काउट–गाइड की प्रारंभिक जानकारी, संगठन की 75वीं वर्षगांठ, अब तक आयोजित 19 राष्ट्रीय जंबूरी, भारत स्काउट एवं गाइड से जुड़े राष्ट्रपति पुरस्कार तथा देश के सर्वोच्च अवॉर्ड से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदर्शित की गई हैं। प्रदर्शनी के माध्यम से यह भी बताया गया कि जंबूरी का आयोजन किस प्रकार किया जाता है, इसमें कौन–कौन सी शैक्षणिक, सांस्कृतिक, साहसिक एवं सेवा गतिविधियां संचालित होती हैं तथा अब तक देशभर से कितने लाख स्काउट, गाइड, रोवर और रेंजर्स इन आयोजनों में भाग ले चुके हैं।





कलेक्टर मिश्रा ने बालोद जिले के दुधली में आयोजित राष्ट्रीय रोवर–रेंजर जंबूरी की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह आयोजन अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि जंबूरी में प्रतिभागियों की सुविधा, सुरक्षा, आवास, भोजन एवं गतिविधियों के लिए हर स्तर पर विशेष ध्यान रखा गया है। उन्होंने कहा कि भारत स्काउट एवं गाइड जैसे संगठन युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व, सेवा भावना और राष्ट्रभक्ति का विकास करते हैं, और इस प्रकार के आयोजन उनके सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# जिला अधिवक्ता संघ चुनाव में दिखा उत्साह, 95 प्रतिशत मतदान हुआ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला एवं सत्र न्यायालय बालोद में जिला अधिवक्ता संघ का चुनाव 12 जनवरी को संपन्न हुआ। जिसमे मतदान सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक चला। जिसमें मतो की गणना आज 13 जनवरी को प्रातः 11 बजे से की जाएगी। जहां जिले के अधिवक्ता जिला एवं सत्र न्यायालय बालोद में पहुंचकर सुबह से शाम तक मतदान करते दिखे। इस दौरान मतदान करने को लेकर इतना उत्साह देखने को मिला कि 95 प्रतिशत मतदान शाम 5 बजे तक हुआ।

जहां चुनाव संपन्न होने के बाद जिला एवं सत्र न्यायालय के अधिवक्ता कक्ष मे मत पेटी को सीलबंद कर रखा गया है तथा आज 13 जनवरी को प्रातः 11 बजे से मतगणना संपन्न होगा जिसमे विभिन्न पदो के पदाधिकारियो के मतो की गणना की जाएगी।

## खबर संक्षेप



### बीएसपी कार्मिकों को मिला शाबाश श्रेणी पुरस्कार

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र में शाबाश' श्रेणी–2 अर्धवार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन संयंत्र भवन में किया गया। संयंत्र की उत्पादकता, सुरक्षा एवं उत्कृष्ट कार्य निष्पादन में उल्लेखनीय योगदान देने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार ने पुरस्कार विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं उपहार प्रदान कर उनके उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि सुरक्षा एक साझा जिम्मेदारी है और यह सतत एवं स्थायी उत्पादकता प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। राकेश कुमार ने कर्मचारी कल्याण गतिविधियों पर भी ध्यान आकर्षित किया, जिसमें उन्होंने अच्छे कैंटीन सेवाओं, स्वच्छ और सुव्यवस्थित शौचालय सुविधाओं और स्वस्थ कार्य वातावरण सुनिश्चित करने के महत्व पर जोर दिया।

### शराब भट्ठी में चला चाकू आरोपी हुआ फरार

**पाटन।** पाटन में इंदिरा मार्केट स्थित शराब भट्ठी के पास शराबियों के बीच पीने पिलाने को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि उन्होंने चाकू से हमला कर दिया। इसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस जब तक वहां पहुंची आरोपी वहां से भाग गया। पुलिस ने आरोपी युवकों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। पाटन पुलिस ने बताया कि इंदिरा मार्केट दुर्ग सरस्वती कंसरटेंट कमरा नंबर 218 प्रथम तल निवासी रुपेन्द्र कुमार कत्लम पाटन शराब भट्ठी से शराब खरीद कर आहता में बैठकर पी रहा था। वह आहता के बाहर खड़ी अपनी बाइक स्टार्ट कर घर जा रहा था। इसी दौरान उसका भतीजे प्रहलाद ठाकुर से ग्राम सिकोला निवासी भुरू और अन्य युवक शराब पीने पिलाने की बात पर विवाद करने लगे। रुपेन्द्र ने उन्हें समझाने का प्रयास किया। इस पर भुरू व उसके साथियों ने मारपीट शुरू कर दी। उनमें एक व्यक्ति ने अपने पास रखे धारदार चाकू को निकाला और प्रहलाद ठाकुर की पेट में घुसा दिया। जब वो लहूलुहान होकर गिया गया तो आरोपी वहां से फरार हो गए। पाटन पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्रहलाद की हालत गंभीर है उसे बड़े हॉस्पिटल में रेफर किया गया है।

### सेल स्थापना दिवस पर रन फॉर सेल 24 को

**भिलाई।** सेल के स्थापना दिवस पर 24 जनवरी को रन फार सेल 5 किमी पैदल चाल का आयोजन किया गया है। दौड़ सिविक सेंटर मैदान इंदिरा प्लेस से सुबह 8 बजे शुरू होगी। समापन सुबह 10.30 बजे आयोजित है। प्रतियोगिता के प्रतिभागियों में बालिका/महिला और बालक/पुरुष वर्ग में विभाजित किया गया है। बालिका/महिला वर्ग में कक्षा छठवीं से बारहवीं तक, बारहवीं से 45 वर्ष तक, 46 वर्ष से 60 वर्ष तक तथा पूर्व कर्मचारी (सेवानिवृत्त) श्रेणियां शामिल हैं। बालक/पुरुष वर्ग में भी कक्षा छठवीं तक, कक्षा सातवीं से बारहवीं तक, बारहवीं से 45 वर्ष तक, 46 वर्ष से 60 वर्ष तक तथा पूर्व कर्मचारी (सेवानिवृत्त) श्रेणियां निर्धारित की गई हैं। प्रतिभागियों को 24 जनवरी को 7 बजे जयंती स्टेडियम, इंदिरा प्लेस में रिपोर्ट करना होगा। विजेताओं को पुरस्कार और स्मृति चिन्ह सेल प्रशासन द्वारा प्रदान किए जाएंगे। सभी सेल इकाइयों में सर्वश्रेष्ठ समय देने वाले एक बालक व एक बालिका को 5 हजार रुपये पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

### ठेठवार समाज के प्रतिनिधि मंडल ने वित्तमंत्री चौधरी से की मुलाकात

**उतई ।** दुर्ग राज ठेठवार ( यादव ) समाज के प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेश के वितमंत्री ओ पी चौधरी से उनके निवास शंकर नगर रायपुर में मुलाकात की। प्रतिनिधि मंडल ने दुर्ग राज ठेठवार समाज के द्वारा आयोजित वार्षिक अधिवेशन 8 फ़रवरी के लिए बतौर मुख्य अतिथि आमंत्रित किया। वित्तमंत्री ओ .पी. चौधरी ने ठेठवार समाज के आमंत्रण को सहर्ष स्वीकार किया।








आयोजन

### राउत नृत्य और जनजातीय स्वागत बना अविस्मरणीय क्षण

# राष्ट्रीय रोवर-रेंजर जंबूरी बना युवा शक्ति, संस्कृति और राष्ट्रभाव का संगम



















हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के दुधली ग्राम में आयोजित राष्ट्रीय रोवर–रेंजर जंबूरी इन दिनों युवा शक्ति, सांस्कृतिक विविधता और राष्ट्र भावना का जीवंत प्रतीक बनी हुई है। देश भर के रोवर्स–रेंजर्स के साथ–साथ विदेशों से आए युवाओं की सहभागिता ने इस जंबूरी को राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई है। 10 जनवरी शाम को जंबूरी के कार्यक्रम स्थल एरिना में भारत दर्शन सजीव हो उठा, जहां छत्तीसगढ़ सहित देश के 25 राज्यों से आए रोवर रेंजर टीम ने अपने–अपने प्रांतों की लोक नृत्य, वेशभूषा के माध्यम से एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को साकार किया।

■ विविध सांस्कृतिक व साहसिक गतिविधियों से गुलजार रहा जंबूरी परिसर

जंबूरी के प्रमुख आयोजनों में छत्तीसगढ़ नाइट विशेष आकर्षण का केंद्र रही। छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक परंपराओं, नृत्य–संगीत और जनजातीय संस्कृति की महक से पूरा परिसर सराबोर हो उठा। राउत नर्तकों की पारंपरिक वेशभूषा में सजे युवाओं ने मुख्य अतिथि राष्ट्रीय आयुक्त बीएसजी केके खंडेलवाल का आत्मीय स्वागत किया। जनजातीय वेशभूषा में युवाओं द्वारा उन्हें पालकी में बैठाकर मंच तक लाया जाना आयोजन का अविस्मरणीय क्षण रहा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ को चार संभागों में बाँट कर संभाग वार लोक नृत्य की प्रस्तुति दी गई।

लहर गंगा दुर्ग संभाग, कर्मा सरगुजा संभाग, पंथी रायपुर संभाग, आदिवासी नृत्य बस्तर संभाग मनमोहक लोक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के के खंडेलवाल ने छत्तीसगढ़ी में भाषण देते हुए छत्तीसगढ़ की जयकारा लगवा कर छत्तीसगढ़ वाशियों की प्रसंशा की। के के खंडेलवाल ने छत्तीसगढ़ नाइट के लिए आमंत्रित करने के लिए उन्होने छत्तीसगढ़ वासियों को विशेष धन्यवाद देने के साथ ही इस सफल आयोजन के लिए राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा की प्रशंसा की। छत्तीसगढ़ नाइट के पश्चात विभिन्न राज्यों की लोक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न राज्यों की प्रतिभागियों ने मनमोहक लोक नृत्य की प्रस्तुति दी गई है। विभिन्न राज्यों के कलाकारों ने विभिन्न वेशभूषाओं से अपने राज्यों की कला संस्कृति का परिचय छत्तीसगढ़ वासियों को कराते हुए शानदार नृत्य की प्रस्तुति दी जिससे दर्शक झूमते रहे। अलग–अलग बोली भाषा के होते हुए लोक नृत्य सबको एक सूत्र में पिरोने का काम करता है।

### विविध गतिविधियों से गुलजार हो रहा जंबूरी परिसर

जंबूरी के दौरान युवाओं ने मार्च पास्ट, विभिन्न प्रदेशों की झांकियाँ, बैंड प्रदर्शन, पायनियरिंग प्रोजेक्ट्स, साहसिक गतिविधियां, फूड प्लाज़ा, स्किल–ओ–रामा, सतत विकास लक्ष्यों पर आधारित प्रदर्शनी, जंबूरी मार्केट, लोक नृत्य, हाइक, कलर पाटएँ, पुनर्मिलन, यूथ फोरम, एथनिक फैशन शो, पेजेंट शो, ग्रांड कैम्प फायर, ग्लोबल डेवलपमेंट विलेज, बौद्धिक गतिविधियां, सर्वधर्म प्रार्थना एवं घुड़सवारी जैसी गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिये।

# राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी में दिखा संस्कृति और स्वाद का अनोखा संगम





**बालोद।** राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी के तीसरे दिन दुधली में देशभर की संस्कृति, परंपरा और पारंपरिक व्यंजनों का अद्भुत संगम देखने को मिला। जंबूरी परिसर में विभिन्न राज्यों के खान–पान की खुशबू ने सभी को आकर्षित किया और प्रतिभागियों व दर्शकों को जम्मू–कश्मीर से लेकर केरल तक के जायकों से रूबरू कराया।

प्रतिभागियों ने बताया कि जंबूरी उनके राज्य की संस्कृति एवं पारंपरिक खान–पान को पहचान दिलाने का प्रभावी मंच बना है। साथ ही यह आयोजन एक–दूसरे की सांस्कृतिक विविधता को समझने और आत्मसात करने का भी बेहतर माध्यम सिद्ध हो रहा है। इस दौरान उत्तराखंड की लाल चावल की खीर, भटकी चूड़कानी एवं बाल मिठास, उत्तर प्रदेश की बाटी–चोखा, तमिलनाडु की स्वीट पोंगल, कर्नाटक की चुरमुरे, गन पाउडर एवं हुलीगुथी, मध्यप्रदेश की मालिदा, हरियाणा की पारंपरिक सब्जी, जम्मू–कश्मीर की कश्मीरी कहवा एवं कांगड़ी, पश्चिम बंगाल की नारियल–कद्दू व खजूर–गुड़, ओडिशा की चना साग, तथा केरल की विभिन्न चावल आधारित पारंपरिक व्यंजन लोगों के आकर्षण का केंद्र रहे। इन व्यंजनों के स्वाद ने दर्शकों को अपनी ओर खींच लिया और हर स्टॉल पर उत्साह देखने को मिला।





### पारंपरिक लोकवेश और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां बनीं आकर्षण का केंद्र

जंबूरी में पारंपरिक लोकवेश एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देखते ही बन रही थीं। उत्तराखंड, ओडिशा, साउथ ईस्ट रेलवे, बिहार, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों के प्रतिभागियों ने अपनी–अपनी पारंपरिक वेशभूषा में लोकनृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर साउथ ईस्ट रेलवे द्वारा प्रस्तुत नाल्लामला फॉरेस्ट ट्राइबल डांस, उत्तराखंड का पारंपरिक पहाड़ी नृत्य, राजस्थान की रंग–बिरंगी वेशभूषा में लोकनृत्य, तथा हिमाचल प्रदेश की देवता झलक के साथ सामूहिक नृत्य ने जंबूरी मंच को जीवंत कर दिया। इन मनमोहक प्रस्तुतियों से पूरा जंबूरी परिसर सांस्कृतिक रंगों से सराबोर नजर आया। प्रतिभागियों ने कहा कि छत्तीसगढ़ में आयोजित राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी अत्यंत बेहतर, यादगार अनुभव प्रदान कर रही है।

## पेज 11 के शेष

### ग्राम दुधली में प्रथम राष्ट्रीय ...

कहा कि जंबूरी के दौरान रोवर–रेंजरों ने विभिन्न गतिविधियों से उनमें आत्मनिर्भरता, टीम भावना, नेतृत्व क्षमता और सेवा भाव का विकास होता है।

मुख्यमंत्री ने स्वामी विवेकानंद के प्रेरणादायी वाक्य "उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए" का उल्लेख करते हुए युवाओं से उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जंबूरी के दौरान रोवर–रेंजरों ने विभिन्न गतिविधियों से उनमें आत्मनिर्भरता, टीम भावना, नेतृत्व क्षमता और सेवा भाव का विकास होता है। स्कूल शिक्षा मंत्री और स्काउट गाइड के राज्य अध्यक्ष गजेंद्र यादव ने कहा कि जंबूरी के माध्यम से सभी राज्यों के रोवर–रेंजरों के बीच सांस्कृतिक, सामाजिक और कौशल आधारित कला का आदान–प्रदान हुआ है। उन्होंने बताया कि जंबूरी के दौरान युवा संसद जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए, इसके साथ ही आदिवासी संस्कृति पर आधारित एथनिक फैशन शो का आयोजन भी किया गया, इस अवसर पर शिक्षा मंत्री यादव को स्काउट्स एवं गाइड्स के राष्ट्रीय मुख्य आयुक्त डॉ. केके खण्डेलवाल ने सिल्वर एलीफेंट अवार्ड से सम्मानित किया। ग्राम दुधली में 09 से 13 जनवरी तक आयोजित 05 दिवसीय प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी के समापन अवसर पर प्रदेश के स्कूली शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव, कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद भोजराज नाग, भारत स्काउट गाइड के मुख्य राष्ट्रीय आयुक्त केके खण्डेलवाल, राष्ट्रीय महासचिव पीजीआर सिंधिया, भारत स्काउट गाइड के राज्य मुख्य आयुक्त इंदरजीत सिंह खालसा, छत्तीसगढ़ राज्य बीज निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, छत्तीसगढ़ मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा, जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर, भारत स्काउट गाइड के जिला मुख्य आयुक्त राकेश यादव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख, सौरभ लुनिया, नगर पालिका परिषद बालोद की अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा स्कूल शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी, दुर्ग संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर, कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल, ग्राम पंचायत दुधली सरपंच पिलेश्वरी नेताम एवं स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, नागरिक तथा देश के विभिन्न राज्यों के रोवर रेंजर, स्काउट गाइड्स एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि जंबूरी के आयोजन में देश–विदेश से आए लगभग 15 हजार से अधिक रोवर–रेंजरों ने भाग लिया।

### दुधली में राष्ट्रीय रोवर- ...

तालियां बटोरीं। मध्य प्रदेश की लोककलाओं ने अपनी विशिष्टता से मंच को समृद्ध किया, जहाँ पारंपरिक नृत्य–गीतों के माध्यम से राज्य की सांस्कृतिक गहराई दिखाई दी। उड़ीसा की प्रस्तुति में पारंपरिक ओडिसी नृत्य की मोहक मुद्राओं और भाव–भंगिमाओं ने शास्त्रीय कला की गरिमा और सौंदर्य को उजागर किया। हिमाचल प्रदेश के पारंपरिक नृत्य ने पहाड़ों की सरलता, उत्सवधर्मिता और सामूहिक आनंद का संदेश दिया। इसी प्रकार उत्तराखंड की प्रस्तुतियों में पहाड़ी लोकसंस्कृति, गीत–संगीत और परंपराओं की सजीव झलक देखने को मिली। उत्तर प्रदेश की प्रस्तुति में फागुन माह की होली का उल्लास छाया रहा। "फागुन माह में होली खेले सांवरा, राधा संग" जैसे होली गीतों ने पूरे कार्यक्रम को रंगों से सराबोर कर दिया। वहीं साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। इसी प्रकार अन्य राज्यों ने भी राज्यों से जुड़े सांस्कृतिक झलक प्रस्तुत कर लोगो का मन मोह लिया। "भारत मां आजाद रहे, यही हमारा नारा हैय सभी धर्मों के लोग कहें, भारत देश हमारा हैं के नारे के एकता, समरसता और राष्ट्रप्रेम को और सुदरीढ़ परिलक्षित किया। लोकनृत्य, गीत, परंपराएं और समकालीन प्रस्तुतियाँ मिलकर इस जंबूरी को सांस्कृतिक महाकुंभ बना दी। जहां हर प्रतिभागी ने भारत की बहुरंगी आत्मा को करीब से महसूस किया।

**एथनिक फैशन शो में विभिन्न राज्यों के पारंपरिक परिधान को दिखाया आकर्षक:** लोक नृत्य के पश्चात एथनिक फैशन शो में विभिन्न राज्यों से आए रोवर रेंजर्स ने आकर्षक ढंग से अपने पारम्परिक पहनावे का प्रदर्शन रैंप वॉक के माध्यम से किया। जिसमें दर्शकों ने इस अद्भुत रैम्प वॉक को खूब सराहा।

### जिला पंचायत सदस्य ने ...

किया जा रहा है। जो की उनका जवाब मेरे पास नहीं है। यह जिला के अध्यक्ष के मनमानी के चलते यह सब कुछ हुआ है जो कि जवाब वही दे पाएंगे।

### सीसीटीएनएस के कार्यों की एसएसपी ने की समीक्षा

**भिलाई।** एसएसपी विजय अग्रवाल ने पुलिस कंट्रोल रूम सेक्टर 6 में सीसीटीएनएस के कार्यों की समीझा की। इस दौरान सीसीटीएनएस के ऑपरेटरों के कार्यों के बारे में जाना। बैठक में जिले के सभी थानों के ऑपरेटर पहुंचे थे। एसएसपी ने थानों में पेश चालान,सीसीटीएनएस में आईआईएफ फार्म डाटा इंट्री, नॉन एफआईआर गुमइंसान, मर्ग, एमएलसी, फैना, शिकायत, प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की समयबद्व डाटा इंट्री, मेडलीपीआर पोर्टल के अंतर्गत एमएलआर, पीएमआर रिपोर्ट डिजिटल हस्ताक्षर प्राप्त करना, ई- एफएसएल से ऑनलाईन भेजना और परीक्षण रिपोर्ट प्राप्त करना, ई-अभियोजन में स्वीकृति के बाद ई-चार्जशीट न्यायालय पेश करना, ई-समंस तामिल,आईआईएफ-6 डाटा इंट्री, आईटीएसएसओ पोर्टल से महिलाओ से जुड़े अपराध की मानिटरिंग, समय-सीमा में चालान पेश करना, सिटिजन पोर्टल में एफआईआर समय सीमा में पब्लिश करना, सिटिजन सर्विसेस से प्राप्त चरित्र सत्यापनों का सत्यापन, सभी पुलिस प्रक्रियाओं को ऑनलाइन, डिजिटल करने सभी थाना के सीसीटीएनएस ऑपरेटर को निर्देशित किया गया। इसके अलावा सीसीटीएनएस कार्यालय से आरक्षक काशी बरेठ द्वारा अलग से प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रशिक्षण देकर समस्याओं का निराकरण किया। बैठक में एएसपी सुखनंदन राठौर भी मौजूद थे।

**खबर संक्षेप**

## चाकू लहराते हुए युवक गिरफ्तार, भेजा जेल

**भिलाई।** पुलिस ने चाकू लहराते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि राहुल यादव नामक युवक मोहल्ले में गाली गलौच कर रहा था। जब एक युवक ने उसका विरोध किया तो राहुल ने अपने पास रखे धारदार चाकू को निकाला और लहराते हुए उसे जान से मारने की धमकी देने लगा। पुलिस मौके पर पहुंची तो गौतम नगर निवासी राहुल यादव भाग गया। बाद में उसे गिरफ्तार किया गया। उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

## मकान से जेवरात और नकदी पार, अपराध दर्ज

**भिलाई।** मकान से सोना चांदी के जेवरात व नगदी पार करने वाले के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि ईडब्लूएस 692 वैशालीनगर निवासी संजय पाण्डेय के मकान से अज्ञात ने आलमारी में रखे गए सोना चांदी के जेवरात लेकर फरार हो गया है। आलमारी को चेक करने पर जेवरात गायब मिला। आसपास खोजबीन करने पर सारा सामान नहीं मिला। चोरी हुए सामानों की कीमत 80 हजार रुपए आंकी गई है।

### भाजपा किसान मोर्चा में प्रदेश अध्यक्ष ने पांचों संभागों के लिए नियुक्त किए प्रभारी

# भाजपा में किसान मोर्चा के बस्तर संभाग प्रभारी के रूप में तोमन साहू नियुक्त




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद






भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय के अनुशंसा से प्रदेश अध्यक्ष किसान मोर्चा आलोक ठाकुर के द्वारा छत्तीसगढ़ के पांचो संभाग हेतु किसान मोर्चा के प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। इस नियुक्ति में बस्तर संभाग के किसान मोर्चा प्रभारी के रूप में उपाध्यक्ष जिला पंचायत बालोद तोमन साहू की नियुक्ति की गई है। उल्लेखनीय है कि साहू वर्तमान में जिला अध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा रहते किसानों के हितों में अनेकों उल्लेखनीय कार्य करते हुए पूर्व में जिला महामंत्री किसान मोर्चा एवं प्रदेश कार्य समिति के पद पर आसीन रहे है, उनकी सक्रियता को देखते हुए इन्हें बस्तर का जवाबदारी दी गई है।

साथ ही जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा सुरेंद्र देशमुख, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य के रूप पूर्व जनपद अध्यक्ष दयानन्द साहू, पूर्व जनपद अध्यक्ष ईशाप्रकाश साहू, पूर्व जिला पंचायत सदस्यपुष्पेंद्र चंद्राकर, जनार्दन सिन्हा, सुरेश देशमुख, श्रीकांत वर्मा की भी नियुक्ति की गई। इन नियुक्ति पर भाजपा नेता यज्ञदत्त शर्मा, पवन साहू, कृष्ण कांत पवार, राकेश यादव, देव लाल ठाकुर, बीरेंद्र साहू, प्रीतम साहू, अभिषेक शुक्ला, अश्वनी यादव, नरेश यदु, देवेंद्र जायसवाल, किशोरी साहू, राकेश यादव छोटू, सौरभ लूनिया, याद राम साहू, नन्द किशोर शर्मा, कौशल साहू, धरम साहू, सोमेश साहू, तारणि चंद्राकर, सरस्वती टेमरिया, प्रमोद जैन, तोरण साहू, लाल निवेंद्र टेकाम, मुकेश कौड़े, कांति सोनबरसा, संध्या साहू, प्रभा नायक, तेज राम साहू, चंद्रिका गंजीर, चुन्नी मानकर, ठाकुर राम चंद्राकर, टिनेश्वर बघेल, प्रेम साहू, नरेश साहू, टिकेश्वर पाण्डेय, धर्मेंद्र साहू, अरुण साहू, लल्ला देवांगन, लोकेश श्रीवास्तव, शरद ठाकुर, विनोद जैन, कमल पमपलिया, गुलशन साहू, पंकज चौधरी, आदित्य पिपरे, रौनक कत्याल, संदीप साहू, अनूप देशमुख, हेमंत साहू, मनोहर सिन्हा, शिवेंद्र देशमुख ने हर्श व्यक्त किया।

# विवेकानंद जयंती पर वृद्धजनों को किया कंबल वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग अंतर्गत शासकीय एकलव्य महाविद्यालय डौंडीलोहारा में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्वामी विवेकानंद जी की जयंती एवं 12 जनवरी राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर सामाजिक सरोकार से जुड़ा सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम अधिकारी पुरुषोत्तम भूआर्य के नेतृत्व में "एडॉप्ट ए सीनियर सिटीजन केयर होम" कार्यक्रम के अंतर्गत बालोद स्थित सुख आश्रय वृद्धाश्रम में निवासरत वृद्धजनों को डबल बेड कंबलों का वितरण किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी पुरुषोत्तम भूआर्य ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शासकीय एकलव्य महाविद्यालय डौंडीलोहारा द्वारा निरंतर समाज सेवा, जन-जागरूकता एवं मानवीय संवेदनाओं से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम एवं अभियान संचालित किए जाते हैं। स्वामी विवेकानंद के विचारों को आत्मसात करते हुए युवाओं को सेवा, त्याग और राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करना ही इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी पुरुषोत्तम भूआर्य, सहायक प्राध्यापक प्रदीप कुमार खरे, डॉ. ईश्वर लाल खरे, डॉ. इलेश चंद्राकर सहित राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी ने वृद्धजनों के प्रति संवेदनशीलता एवं सम्मान व्यक्त करते हुए उनके स्वास्थ्य एवं सुखद जीवन की कामना की।

# एनएसएस सात दिवसीय विशेष शिविर का ग्राम खपरी भोथीपार में सफल समापन हुआ

हरिभूमि न्यूज. बालोद/कलंगपुर



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कलंगपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम खपरी भोथीपार में संपन्न हुआ। जहां विद्यार्थियों द्वारा प्रतिदिन प्रातः प्रभात फेरी, पीटी परेड, योग परियोजना कार्य के तहत श्रम मूलक कार्य में विभिन्न प्रकार के कार्य किए गए।

जिसमे मुरम से समतलीकरण, वार्ड के गलियों की सफाई, सार्वजनिक नल के स्थलों की सफाई, नालियों की सफाई, निस्तारी तालाब के महिला घाट, पुरुष घाट की सफाई, तालाब के कटीली झाड़ियां की सफाई, अटल चौक, खेल ग्राउंड, स्कूल परिसर, पंचायत परिसर, उचित मूल्य की दुकान, मुक्तिधाम के पास लगे बोर स्थल की सफाई की गई। स्वच्छता, नशा मुक्त समाज, पौधारोपण अभियान के माध्यम से लोगों के जागरूक किया गया। बौद्धिक परिचर्चा में कवि डिगेंद्र साहू, समाज सेवी एवं नाड़ी वैद्य भेड़ी गुरुदेव वीरेंद्र देशमुख, जिला पंचायत अध्यक्ष बालोद तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर, संजय शुक्ला, सीनियर प्रोग्राम ऑफिसर कोमल कुल्हारे, डॉक्टर संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना जिला बालोद लीना साहू, जिला पंचायत सदस्य क्रमांक 2 मीना उमाशंकर साहू, तहसील अध्यक्ष साहू समाज उमाशंकर साहू, जिला प्रतिनिधि पंकज चौधरी, सरपंच कलंगपुर पुष्पा सिंहा, शाला विकास प्रबंध समिति कलंगपुर विकास जैन, अध्यक्ष सरपंच संघ गुंडरदेही लेख राम साहू, उपसरपंच खपरी महेंद्र मंडावी, पूर्व शिक्षक एवं पंच अश्वनी साहू, अध्यक्ष परी क्षेत्रीय साहू समाज कलंगपुर झग्गर साहू के द्वारा बच्चों को संस्कार शिक्षा जीवन शैली तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य मे युवा शक्ति की भूमिका पर प्रकाश डाला गया। स्वास्थ्य शिविर में लगभग 100 मरीज ने लाभ उठाया, डॉक्टर सत्येंद्र मारकंडे के मार्गदर्शन में डॉक्टर दिल्लीवार के स्वास्थ्य टीम एवं एएनएम साहू का विशेष सहयोग रहा, ब्लड टेस्ट, बीपी, शुगर जांच किया गया। कार्यक्रम के समापन के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत के सरपंच लेख राम साहू थे। अध्यक्षता झग्गर राम साहू ने किया। विशेष अतिथि नेमिन साहू, कमल नारायण साहू, चित्र रेखा साहू, रमौतीन साहू, महेश्वरी साहू, लीलाधर सिंहा, सचिव खपरी तुकाराम साहू, पूर्व सरपंच पुराणिक साहू, सेवा निवृत शिक्षक अश्वनी कुमार साहू, लक्ष्मी अग्रवाल के आतिथ्य में संपन्न हुआ। रात्रि में कैंप फायर का आयोजन हुआ तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ जिसमें सभी ग्रुप लीडर बच्चों ने भाग लिया। रात्रि में कवि सम्मेलन हुआ।

जिसमें प्यारेलाल देशमुख, गीतकार शिवकुमार अंगारे गीतकार, साहित्यकार केशव साहू, हास्य कवि डॉक्टर एसएल गंधर्व, हास्य कवि श्रवण सोनी, योगेश छत्तीसगढ़िया, दिगेंद्र साहू, विशेष आकर्षण राष्ट्रीय गीतकार सुहानी साहू उपस्थित रहे और देर रात तक दर्शन कविता का रसपान करते रहे तथा सामाजिक दुर्दशा भ्रष्टाचार राष्ट्रीय एकता, नशा उन्मूलन, पौधारोपण, हास्य व्यंग्य कविता की खूब तारीफ हुई। विद्यालय के प्राचार्य टीएस कोल्हे एवं डीके साहू, वाईके साहू, एस सिंघारे, यूके साहू, एचके साहू, चुरामन साहू, केएल कुर्रे, के महेश्वरी, टी मिश्रा, जानकी साहू, अजय साहू त्रिलोक साहू, हलधर साहू, कमल नारायण साहू, राजेश साहू, नीतीश कुमार, रौनक साहू, दुजराम साहू का विशेष सहयोग रहा, राष्ट्रीय सेवा योजना का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर आरएन साहू द्वारा किया गया।

### काव्य गोष्ठी में जल, जंगल और दांपत्य प्रेम की बिखरी छटा

# कलंगपुर में सरस काव्य गोष्ठी, नववर्ष पर कविता-संगीत से सजा साहित्यिक समागम

हरिभूमि न्यूज. बालोद/कलंगपुर



राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वरिष्ठ कवयित्री डॉ गीता विश्वकर्मा नेह के संयोजन में उनके निवास कलंगपुर में सरस साहित्य समिति के समस्त सदस्यों ने नव वर्ष के उपलक्ष में सरस काव्य गोष्ठी का आयोजन किया। जिसके मुख्य अतिथि गांव के वरिष्ठ नागरिक समाज सेवी प्रताप जैन रहे एवं अध्यक्षता सेवानिवृत अधिकारी राम जी विश्वकर्मा ने की।

कवि गोष्ठी शुभारंभ सरस्वती मां की पूजा अर्चना कर किया गया पश्चात कवि कृष्ण कुमार दीप ने ठुडगा बम्बूर रुख पर अत्यंत भाव भरी प्रस्तुति देकर पेड़ों के त्याग समर्पण और मानव हितकारी गुणों का उल्लेख किया। गायक गीतकार रमेश यादव ने पानी की महिमा पर गीतात्मक अभिव्यक्ति देकर जल संरक्षण की प्रेरणा दी। डॉक्टर गीता विश्वकर्मा ने सुमधुर गीत में दांपत्य जीवन की सौम्यता, आपसी समझबूझ और एक दूसरे के प्रति विश्वास को रेखांकित कर तालियां बटोरी। सरस साहित्य समिति के अध्यक्ष अशोक साहू ने विलुप्त होती पंछियों, चिड़ियों को शब्द देकर मानव जीवन और प्राणी जगत के लिए उनकी अनिवार्यता पर सुंदर प्रस्तुति दी। सुमधुर कंठ के धनी सुपरिचित गीतकार गायक शिवकुमार अंगारे ने अपनी सुरीली तान छेड़ कर गांव के सुरमय वातावरण और जनजीवन को चित्रित किया।

आकाशवाणी के लोक गायक एवं वरिष्ठ कवि सीताराम साहू श्याम ने व्यस्त रहकर जीवन जीने की कला को अपनी वाणी देकर समां बांधा। पूर्व जनपद सदस्य एवं कवि थानमल जैन ने नव वर्ष की बधाई एवं आनंदमय जीवन की अनुभूतियों को स्वर दिया। मुख्य अतिथि प्रताप जैन ने सभी कवियों की रचनाओं को नव वर्ष की सर्वोत्तम भेंट बताया तथा अध्यक्षता कर रहे राम जी विश्वकर्मा ने उमर को नजरअंदाज करते हुए जीने की सलाह दी, सभी कवियों को इसी तरह समाज हितकारी रचनाओं के सृजन की ओर जुटे रहने की इच्छा व्यक्त की। गोष्ठी का बहुत ही मनोरंजक अंदाज में संचालन कवि केशव साहू ने किया। उन्होंने कहा कि पेड़ों को साक्षात ईश्वर तुल्य मानकर उनकी सतत उपयोगिता की बात को स्वीकारना चाहिए। साथ ही इस कवि गोष्ठी के समापन अवसर पर कार्यक्रम का अध्यक्षता कर रहे कोरबा से सेवा निवृत्त अधिकारी रामजी विश्वकर्मा का 65 वीं जन्मदिन मनाया एवं विश्वकर्मा जी ने अपने जन्मदिन के अवसर पर अपने सहपाठी मित्रें का सम्मान किया।

इस अवसर पर प्रताप चंद जैन, लेखराम सिन्हा, गैंदू राम सिन्हा, सुदर्शन साहू, वकील चंदन, डॉ रोशन सिन्हा, बीएल सिन्हा अधिवक्ता, गणेश राम सिन्हा, डॉ साहू तितुरगहण, पावक साहू, अश्वनी सिन्हा, धनराज, खुमान सिन्हा, जसराज जैन, लोकेश साहू, मनेश विश्वकर्मा सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# दुधली में आयोजित प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी 2026 बना देशभर के युवाओं के लिए यादगार अनुभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद



दुधली में आयोजित प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी 2026 में देश के विभिन्न राज्यों से आए रोवर रेंजर्स उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। इसी क्रम में हरियाणा से जंबूरी में शामिल होने आईं नीतू रानी, अंशिका एवं मंदीप ने इस आयोजन को एक बेहतरीन और यादगार अनुभव बताया।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी के माध्यम से देशभर की विविध संस्कृति, कला और परंपराओं को एक ही मंच पर देखने व समझने का अवसर मिला है। यहां विभिन्न राज्यों के प्रतिभागियों से मिलने, संवाद करने और एक–दूसरे की संस्कृति को जानने का अनुभव काफी महत्वपूर्ण हैं। प्रतिभागियों ने बताया कि जंबूरी में कल्चरल एक्टिविटी, एडवेंचर गेम्स एवं विविध रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं, जिनमें भाग लेना उनके लिए नया और रोमांचक अनुभव रहा।

सभी गतिविधियां अनुशासन और समन्वय के साथ संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि जंबूरी स्थल पर सुव्यवस्थित व्यवस्थाएं की गई हैं, जिससे किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो रही है। भोजन, आवास, कैंपिंग एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं बहुत अच्छी हैं। नीतू रानी एवं अंशिका ने बताया कि वे अपनी टीम के साथ हरियाणा की संस्कृति एवं लोककला को प्रस्तुत कर रही हैं, वहीं अन्य राज्यों की ऐसी प्रस्तुतियां भी देखने को मिल रही हैं, जो सुखद अनुभव हैं। उन्होंने कहा कि दुधली में आयोजित यह जंबूरी न केवल सीखने का अवसर प्रदान कर रही है, बल्कि आपसी भाईचारे, अनुशासन और राष्ट्रीय एकता की भावना को भी मजबूत कर रही है।

# छात्राओं को सिखाए सुरक्षा और सेहत के गुर साइबर अपराध और पर्सनल हाइजीन पर दी विशेष जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुसुमकसा




स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट शासकीय विद्यालय कुसुमकसा में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन डॉ गार्गी पांडे (चाइल्ड साइकोलॉजिस्ट एंड काउंसलर रायपुर) के मुख्य अतिथि में किया गया ,कार्यक्रम शुभारंभ गार्गी पांडे का पुष्पाहार से स्वागत कर किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को व्यक्तिगत स्वास्थ्य, साइबर सुरक्षा एवं बौद्धिक क्षमता को सशक्त बनाने के प्रति जागरूक करना था, शाला कैंप में विद्यालय के बच्चो,सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चो के साथ संगोष्ठी किया गया ,इसका मुख्य उद्देश्य बच्चो के मन से डर दूर करना,उनकी शारीरिक छमताओ को विकसित करना, एवं आज की घटनाओं पर छात्राओं को गुड टच एवं बेड टच के संबंध में विस्तृत जानकारी दी,इस दरम्यान छात्राओं ने कई प्रश्नों का जवाब भी लिया इस अवसर पर गार्गी पांडे ने छात्राओं को सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा की गई व्यक्तिगत जानकारी कई बार थर्ड पार्टी तक पहुँच जाती है, जिसका दुरुपयोग कर लोग ब्लैकमेलिंग जैसे अपराध कर सकते हैं। छात्राओं को सावधान किया गया कि वे सोशल मीडिया का सीमित एवं जिम्मेदारीपूर्ण उपयोग करें, जिससे उनका ध्यान पढ़ाई और मानसिक विकास पर केंद्रित रह सके। कार्यक्रम में किशोरियों के पर्सनल हेल्थ हाइजीन पर विशेष जोर दिया गया। उन्हें माहवारी (पीरियड्स) के दौरान खुलकर बात करने, स्वच्छता बनाए रखने तथा स्वास्थ्य संबंधी झिझक दूर करने के लिए प्रेरित किया गया। सेनेटरी नैपकिन का हर 3 घंटे में बदलना, उसे सुरक्षित व साफ तरीके से डिस्पोज करना तथा हाथों की सही सफाई करने के महत्व को समझाया गया। साथ ही यह भी बताया गया कि स्वच्छता की अनदेखी करने से सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। इसके अतिरिक्त छात्राओं को गुड टच और बैड टच के अंतर को सरल भाषा में समझाया गया, ताकि वे किसी भी प्रकार के दुर्व्यवहार को पहचान सकें और समय पर सहायता ले सकें। बच्चों को सहायता हेतु उपलब्ध महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), 112 (आपातकालीन सेवा) एवं 181 (महिला सहायता हेल्पलाइन) की जानकारी भी दी गई। यह जागरूकता कार्यक्रम छात्राओं के मानसिक, शारीरिक एवं सामाजिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ गार्गी पांडे का पुष्पाहार से स्वागत कर किया गया

डॉ भूपेंद्र मिश्रा अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति सेजस कुसुमकसा ने अपने उद्बोधन में बताया की गार्गी पांडे कुसुमकसा की ही बेटी है। गार्गी पांडे का शाला परिवार द्वारा मोमेंटो देकर सम्मान किया गया इस अवसर पर शाला के प्रभारी प्राचार्य त्रिपाठी, इंद्रावी मुखर्जी, सावित्री स्वर्णकार , वीणा ग्वाल , सक्सेना, किरण झा, मिश्रा, किरण सक्सेना, रंजना खोबरागड़े ,डहारे, सहित सेजस विद्यालय के स्टाफ, सरस्वती शिशु मंदिर के स्टाफ, साहू , व दोनो संस्थाओं के छात्राएं उपस्थित थे ,कार्यक्रम का सफल संचालन व आभार व्यक्त विद्यालय की व्याख्यता श्रीमती अनिता ठाकुर ने किया।

### दो दिवसीय केक मेकिंग कार्यशाला संपन्न

# अर्जुदा के छात्रों को मिला स्वरोजगार का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अर्जुन्दा



स्वामी विवेकानंद विद्यालय अर्जुंदा के छात्रओं और किशोरी बालिकाओं को व्यवसायिक पाठ्यक्रम शिक्षण प्रशिक्षण के तहत दो दिवसीय केक मेकिंग प्रशिक्षण का कार्यक्रम 10 एवं 11 जनवरी को पी.एन.बी कृषक प्रशिक्षण केंद्र लाभांडी रायपुर में कराया गया।

जिसमें छात्रओं को आत्मनिर्भर एवं स्वरोजगार मूलक बनाने के लिए यह प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य मास्टर ट्रेनर मोनिका साहू सहायक ट्रेनर दामिनी साहू, वैभवी वासनिक के द्वारा छात्रओं को केक बनाने कि विधि एवं आवश्यक सामग्री केक बनाने की प्रक्रिया को विस्तार पूर्वक बताया गया। साथ ही बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण भी कराया गया, जिसमें माता कौशिल्या धाम मंदिर चंदखुरी राम जानकी मंदिर वीआईपी चौक रायपुर मरीन ड्राइव एवं राधा कृष्ण इस्कॉन मंदिर टाटीबंध का भ्रमण दर्शन कराया गया साथ ही आरती स्व सहायता समूह अरमरीकला द्वारा निर्मित रिफ्रेश सेनेटरी पैड के बारे में छात्रओं को स्वच्छता माहवारी मासिक धर्म जन जागरूकता के बारे में जानकारी चंद्रहास साहू एवं महेश्वरी मास्टर ट्रेनर के द्वारा जानकारी दिया गया। जिसमें छात्रओं और किशोरी बालिकाओं को संदेश, कपड़ा से नाता तोड़ो और सेनेटरी पैड से नाता जोड़ो नारा से जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में चंद्रहास साहू, युवा सामाजिक कार्यकर्ता बालोद विवेकानंद विद्यालय के प्राचार्य दुलेश्वर डडसेना, हुपेन्द्र देवांगन महेश्वरी साहू, कीर्तिमा ठाकुर, धनंजय साहू, ममता साहू एवं शिक्षिकाएं का विशेष सहयोग रहा।

# दुकान के गल्ले से कैश पार करने वाले तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



दुकान के गल्ले से कैश पार करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों से एक बाइक जब्त की गई है।

एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि प्लाट नंबर 3 फेस 6 मैत्री नगर निवासी उमाकांत यादव की दुकान के कैश काउंटर का लाकर तोड़कर अज्ञात ने 500 रुपए का 4 बंडल करीबन 2 लाख रुपये और दूसरे लाकर से 25 हजार रुपए सहित कुल सवा दो लाख रुपए चोरी किया था। नेवई पुलिस ने मामले में तीन संदिग्ध युवकों को हिरासत में लिया। ग्राम धनौरा थाना पदमनाभपुर निवासी तेजेश्वर जांगड़े उर्फ चिंटू, राकेश यादव उर्फ पाकू, गोपी किशन ने पूछताछ में चोरी करना स्वीकार किया। उन्हें गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमाण्ड पर भेजा गया है।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
- 14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का State of the art NICU including care for Preterm, Term
- A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
- वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
- Multi Para Monitors / Bubble CPAP
- Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
- Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
- प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
- Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
- 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

## खबर संक्षेप

### मेला मड़ई 14 जनवरी को

**गुरूर।** ग्राम सोनाईडोंगरी में 14 जनवरी को मेला मंडाई का आयोजन किया गया है, जिसमें ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए नाच कार्यक्रम रखा गया है, उक्त जानकारी ग्रामीण अध्यक्ष दुलारू राम साहू, खिलावन साहू द्वारा दिया गया।

### धनराज साहू बने प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा विशेष आमंत्रित सदस्य

**अंडा।** भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह, प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय की सहमति से प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर द्वारा प्रदेश किसान मोर्चा कार्यसमिति व पदाधिकारी एवं जिला अध्यक्षों की घोषणा किया गया है जिसमे दुर्ग जिला पाटन विधानसभा के दक्षिण पाटन से सक्रिय व वरिष्ठ भाजपा नेता प्रथम भाजपा मण्डल अध्यक्ष जामगांव आर मण्डल, समाजसेवी,वरिष्ठ पत्रकार पूर्व संयोजक न्याय प्रकोष्ठ तहसील साहू संघ पाटन रानीतराई निवासी धनराज साहू को प्रदेश किसान मोर्चा में विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया है। धनराज साहू सक्रिय भाजपा नेता के साथ भाजपा संगठन में वर्षों से कार्य करते रहे है साथ ही किसानों की सेवा सहकारी समिति में अध्यक्ष व जल उपभोक्ता संस्था में निर्वाचित सदस्य रह किसान हित में भी अनेकों कार्य किये है। धनराज साहू के प्रदेश किसान मोर्चा विशेष आमंत्रित सदस्य बनने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर की है। रूप से रमशीला साहू पूर्व कैबिनेट मंत्री छ.ग. शासन, विजय बघेल सांसद दुर्ग ,डॉ दयाराम साहू पूर्व विधायक व पूर्व प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष, जितेन्द्र वर्मा प्रदेश भाजपा मंत्री ,सुरेन्द्र कौशिक भाजपा जिला अध्यक्ष दुर्ग, दिलीप साहू जिला भाजपा महामंत्री ,राजा पाठक सांसद प्रतिनिधि पाटन, निर्मल जैन पूर्व सरपंच रानीतराई व जामगांव आर मण्डल महामंत्री, वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व जिलाध्यक्ष कांकेर हलधर साहू, योगेश निक्की भाले नगर पंचायत पाटन अध्यक्ष , राजेश चंद्राकर सांसद प्रतिनिधि जनपद पाटन ,कमलेश साहू भाजपा मण्डल अध्यक्ष, नरेश केला अध्यक्ष शासकीय महाविद्यालय जामगांव आर, पुणेंद्र सिन्हा भाजपा महामंत्री जामगांव आर, प्रमोद जैन पूर्व मण्डल महामंत्री,भगवान सिंह चंद्राकर अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति जामगांव आर, रामकुमार चंद्राकर जनपद सदस्य, मनीष चंद्राकर, पूर्णानंद साहू , यशवंत साव ,मनीष जैन, हर्ष भाले, सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओ ने बधाई दे खुशी जाहिर किये है।



## आयोजन : जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा, नगर में गूंजा राष्ट्र चेतना का संदेश

# स्वामी विवेकानंद की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई





हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

विश्व में भारतीय संस्कृति को स्थापित करने वाले युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी की जयंती स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय, डौंडीलोहारा जिला बालोद में नगर भ्रमण, झांकी एवं भव्य शोभायात्रा के साथ धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी एवं स्वामी विवेकानंद के तैलचित्र पर पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। विद्यालय के भैया-बहनों, स्काउट-गाइड, किशोर भारती, कन्या भारती एवं विद्यालय परिवार द्वारा नगर में शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में स्वामी विवेकानंद, भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी, भगत सिंह, रानी लक्ष्मीबाई सहित विभिन्न महापुरुषों की आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की गईं। शोभायात्रा नगर के रामनगर, टिकरापारा, ओसवाल भवन, सदर लाइन सहित प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए विद्यालय परिसर पहुंची, जहां नगरवासियों द्वारा चौक-चौराहों पर पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया।

■ स्वामी विवेकानंद के विचार आज भी प्रासंगिक

इस अवसर पर संस्था के संस्थापक सदस्य एवं पूर्व प्रादेशिक सचिव सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति छत्तीसगढ़ सियाराम सार्वा ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे प्रखर ओजस्वी वक्ता, महान दार्शनिक एवं युगदृष्टा थे। उन्होंने 1893 में शिकागो में आयोजित विश्व धर्म सम्मेलन में भारतीय संस्कृति का गौरव विश्व पटल पर स्थापित किया और यह संदेश दिया कि ईश्वर एक है, मार्ग भिन्न हो सकते हैं, किंतु लक्ष्य एक ही है। उन्होंने युवाओं से अपनी संस्कृति, धर्म, परिवार एवं समाज के हित में कार्य करते हुए आगे बढ़ने का आह्वान किया। विद्यालय के प्राचार्य डोमार साहू ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार मानवता के लिए अमूल्य धरोहर हैं। उनके जीवन से आज भी लाखों युवा प्रेरणा प्राप्त कर रहे हैं। 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई जाती है। स्वामी जी चाहते थे कि भारत का युवा आत्मविश्वास, धैर्य और साहस से परिपूर्ण होकर राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाए। कार्यक्रम का सफल संचालन आचार्य सेवंत देवांगन ने किया। अंत में प्राचार्य डोमार सिंह साहू ने स्वामी विवेकानंद के सुविचारों का वाचन करने वाले भैया-बहनों एवं कार्यक्रम में सहयोग देने वाले समस्त आचार्य-दीदियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय अध्यक्ष राघवेन्द्र नाथ मिश्र, उपाध्यक्ष बेनीराम देवांगन, सचिव येणुकुमार दिल्लीवार, सहसचिव महेंद्र जायसवाल, कोषाध्यक्ष डोमेन्द्र देशमुख, डी.आर. केकती, आत्माराम खरे, मुकेश राजपूत, पवन साहू, गजेन्द्र चक्रधारी, पीलुराम साहू, हर्षा देवांगन सहित समस्त सदस्यगण, आचार्य-दीदियों एवं कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा। उक्त जानकारी विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य अशोक सिन्हा ने दी।

### सरस्वती शिशु मंदिर खर्रा में स्वामी विवेकानंद जयंती व राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन

**गुरूर।** सरस्वती शिशु मंदिर खर्रा में स्वामी विवेकानंद जयंती मनाया गया। सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय खर्रा में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया। शुभारंभ अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य फलदेव साहू, वरिष्ठ आचार्य सूखीत राम कलिहारी एवं आचार्य परिवार द्वारा स्वामी विवेकानंद, भारत माता, सरस्वती माता एवं प्रणव अक्षर ओम का विधिवत पूजन किया गया। तत्पश्चात स्वामी विवेकानंद जी के व्यक्तित्व तथा कृतित्व पर आधारित वेशभूषा धारण कर ग्राम की गलियों में भ्रमण किया। भैया बहनों ने ओजस्वी नारों के साथ सुमधुर देश भक्ति गीत व भजनों का गायन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आचार्य कामता प्रसाद साहू, दीदी छविलता पटेल, लीलेश्वरी साहू, रंजना सिन्हा, रेणुका सिन्हा, ईश्वरी ठाकुर, दिव्यानी सेन एवं बाल भारती व शिशु भारती के पदाधिकारी की महत्वपूर्ण भूमिका एवं योगदान रही।



## ग्राम किलेपार में दो दिवसीय मानसगान सम्मेलन का भक्तिमय समापन हुआ



हरिभूमि न्यूज:बालोद

ग्राम किलेपार में आयोजित दो दिवसीय मानसगान सम्मेलन का समापन हुआ। इस आयोजन ने गांव के वातावरण को भक्तिमय कर दिया तथा समाज को नैतिकता और मर्यादा का संदेश भी दिया।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व सांसद मोहन मंडावी थे एवं अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने किया। समापन समारोह में पूर्व सांसद मोहन मंडावी ने कहा कि रामचरितमानस केवल जीवन जीने की कला है। रामचरित मानस के प्रत्येक अध्याय और हर चौपाई में नैतिकता छिपी है। यदि हम भगवान राम के आदर्शों को अपने जीवन में उतार लें, तो समाज से स्वतः ही बुराइयां समाप्त हो जाएंगी। रामायण हमें धैर्य, त्याग और कर्तव्य का पाठ पढ़ाती है।

जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा कि ऐसे आयोजनों से ग्रामीण अंचलों में सामाजिक समरसता बढ़ती है। मानस गान के माध्यम से युवा पीढ़ी अपनी संस्कृति और जड़ों से जुड़ती है। सम्मेलन के दौरान क्षेत्र की विभिन्न मानस मंडलियों ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। दो दिनों तक चली इस प्रतियोगिता और सम्मेलन में दूर–दराज से आई मंडलियों ने रामायण के विभिन्न प्रसंगों की व्याख्या की। पारंपरिक वाद्ययंत्रें की थाप पर गाई गई चौपाइयों ने दर्शकों को देर रात तक बांधे रखा।

ग्रामीणों ने पूरी श्रद्धा के साथ इस आध्यात्मिक महाकुंभ में हिस्सा लिया। समिति के सदस्यों ने बताया कि इस वार्षिक आयोजन का उद्देश्य गाँव में सुख–शांति और नई पीढ़ी को धर्म के प्रति जागरूक करना है। दो दिनों तक चले इस भक्तिमय आयोजन ने किलेपार और आसपास के क्षेत्रें में सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया।इस अवसर पर सभापति जिला पंचायत बालोद कांति सोनेश्वरी, पूर्व सांसद प्रतिनिधि थानसिंह मंडावी, सरपंच किलेपार दिलेश्वर प्रसाद साहू, कुणाल कुर्रे, ग्रामीण साहू समाज अध्यक्ष लालसिंह साहू, योगेश्वर प्रसाद साहू, शारदा प्रसाद साहू, ग्रामीण अध्यक्ष, प्रदीप साहू, डॉ यशवंत साहू, डॉ पीलाराम साहू, परमानंद साहू, खगेन्द्र साहू, तिलक राम साहू सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, आयोजन समिति के सदस्य और ग्रामीण श्रद्धालु उपस्थित थे।

## जामगांव आर में हरिभूमि कैलेंडर का 900 से अधिक घरों में वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

हरिभूमि सहायक महाप्रबंधक निलेश द्विवेदी की कलेंडर प्रकाशन की परिकल्पना को साकार करने में महती भूमिका निभाते हुए जामगांव आर प्रतिनिधि आसकरण जैन और पाटन प्रतिनिधि भूषण देशलहरे ने विज्ञापन दाताओं का सहयोग लेकर लगभग 900 से अधिक घरों, संस्थाओं में कलेंडर का वितरण किया। इसी तारतम्य में सोमवार को स्वामी विवेकानंद जयंती युवा महोत्सव जामगांव आर में स्वामी विवेकानंद वेशधारियो एवं अतिथियों को कलेंडर भेंट किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि संत विनोबा भावे, कृषि महाविद्यालय मर्रा के सहायक प्राध्यापक डॉ सुशीला ने कहा कि राशि चर, चन्द्र स्थिति, भद्रा स्थिति, राशि फल, शुभ मुहूर्त, माह के मुख्य व्रत त्यौहार युक्त कलेंडर का वितरण हरिभूमि के द्वारा किया जाना बहुउपयोगी एवं जन भावना के अनुकूल सराहनीय है।

## ग्राम मड़ियापार में भव्य श्रीरामचरित मानस सम्मेलन, श्रद्धालुओं का उमड़ा जनसैलाब

**बालोद।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जीवनचरित्र आदर्श जीवन जीने की संपूर्ण पाठशाला है। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही हम एक समरस और सु–ढ़ समाज का निर्माण कर सकते हैं। मुश्किलों में भगवान श्रीराम के आदर्श हमे राह दिखाते है।

■ भगवान श्रीराम का जीवन आदर्श समाज की पाठशाला – तारणी

उक्त बातें बालोद जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने ग्राम मड़ियापार में आयोजित भव्य श्रीरामचरित मानस सम्मेलन के दौरान मुख्य अतिथि के आसंदी से कहीं। गांव में आयोजित इस मानस सम्मेलन में क्षेत्र के श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। आयोजन की शुरुआत विधि–विधान से मानस गान और प्रभु श्री राम की आरती के साथ हुई। कार्यक्रम में स्थानीय मानस मंडलियों के साथ–साथ दूर–दराज से आए विद्वानों ने श्रीरामचरित मानस की चौपाइयों के माध्यम से भगवान राम के जीवन प्रसंगों का जीवंत वर्णन किया। सभा को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा कि आज के आधुनिक युग में जब मानवीय मूल्य क्षीण हो रहे हैं, तब श्रीरामचरित मानस की प्रासंगिकता और बढ़ गई है। प्रभु राम ने पुत्र, भाई, पति और राजा के रूप में जो मर्यादाएं स्थापित कीं, वे आज भी हम सभी के लिए प्रेरणादायी हैं। उनके जीवन का हर अध्याय हमें धैर्य, त्याग और न्याय की सीख देता है। उन्होंने आगे कहा कि ऐसे आयोजनों से न केवल नई पीढ़ी को अपने संस्कारों की जानकारी मिलती है सांथ ही समाज में आपसी भाईचारा एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी होता है।



इस अवसर पर कांति सोनेश्वरी सभापति जिला पंचायत बालोद, तिलेश्वरी बघेल सरपंच, आशीष शुक्ला, कल्याण सिंह साहू भूतपूर्व सरपंच, निजानंद चंद्राकर, अजीत शुक्ला अध्यक्ष ग्राम विकास समिति, लोकेश यादव अध्यक्ष आयोजक समिति, योगेश्वर साहू अध्यक्ष साहू समाज मडियापार, ललेश्वर साहू, उद्घोषक दुलेश्वर साहू उपस्थित थे।

## कसही में कबीर संतसंग का भव्य समापन हुआ

### संत रतन स्वरूप शास्त्री ने अहंकार, मोह और लोभ त्यागने का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डीलोहारा



समीप के ग्राम कसही में महिला पारख मंडली एवं ग्राम विकास समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कबीर संतसंग का सफलतापूर्वक समापन हुआ। यह आयोजन विगत 20 वर्षों से प्रतिवर्ष निरंतर किया जा रहा है, जिसमें आसपास के ग्रामों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं।

संत्संग के मुख्य प्रवक्ता संत श्री रतन स्वरूप शास्त्री जी ने अपने प्रवचन में कहा कि "संत मिलन को जाईये तज माया अभिमान, जो-जो कदम आगे धरे कोटि यज्ञ समान। उन्होंने बताया कि संतों के दर्शन हेतु जाते समय मनुष्य को अहंकार, मोह, लोभ और क्रोध का त्याग करना चाहिए, क्योंकि संतों के पास उठाया गया प्रत्येक कदम कोटि यज्ञ के समान फलदायी होता है।परम पूज्य संत कौमल साहेब, संत कबीर आश्रम संकरी (छ.ग.) ने गुरु की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि "गुरु गोविंद दोऊ खड़े, काके लागूं पांव" के माध्यम से गुरु को भगवान से भी श्रेष्ठ बताया गया है। गुरु ही वह प्रकाश स्तंभ है, जो अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाता है तथा मोक्ष का द्वार खोलता है।

भक्ति चैनल के प्रसिद्ध गायक राजू परदेशी (पूर्णिया, बिहार) ने "मेरे झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे, राम आएंगे" सहित कई मधुर भजनों की प्रस्तुति दी, जिससे पूरा पंडाल भक्तिरस में सराबोर हो गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर संरक्षक कृपा राम गुरुपंच ने सभी संतजनों, अतिथियों, श्रोताओं एवं ग्राम विकास समिति का आभार व्यक्त करते हुए पारख मंडली को रु5001 का सहयोग प्रदान किया।

इस अवसर पर पारख मंडली के संचालक महावीर कलिहारी, अध्यक्ष कांती कलिहारी, सचिव केकती गुरुपंच, सहसचिव केवरा बाई, अंबलिका हिरमेश्वरी साहू, कुंवर सिंह सोरी, कुशल साहू, रोहित चंदनमलागर, नरेन्द्र साहू (उपसरपंच), राममिलन हिरवानी, धर्मेन्द्र साहू (समाजसेवी), जयंत साहू, मोहित सोरी, नीलकंठ साहू, नरसिंह साहू, कोमल मंडावी (तबला वादक), देवधर मंडावी, तेजराम सहित ग्राम के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### श्रीकांत वर्मा बने प्रदेश किसान मोर्चा कार्यसमिति के सदस्य



**गुण्डरदेही।** प्रदेश भाजपा ने गुण्डरदेही युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष व पांगरी निवासी वरिष्ठ कृषक श्रीकांत वर्मा को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य किसान मोर्चा के बनाए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओ ने हर्ष व्यक्त की है। बता दे कि श्रीकांत वर्मा पूर्व में युवा मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य रह चुके हैं, वर्तमान मे अभी वे युवा मोर्चा गुण्डरदेही के अध्यक्ष भी है।

## आमटी में रजत जयंती पर चावल उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया



**अंडा।** ग्राम पंचायत आमटी में छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार रजत जयंती चावल उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत की सरपंच दुर्गा पुरुषोत्तम चौधरी के नेतृत्व में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान सरपंच चौधरी ने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि चावल उत्सव का उद्देश्य गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को सस्ती दर पर गुणवत्तापूर्ण चावल उपलब्ध कराना है, ताकि कोई भी परिवार भूखा न रहे। इस आयोजन में पीडीएस संचालक जामवंत देशमुख की महत्वपूर्ण भूमिका रही। साथ ही कार्यक्रम में ग्रामीण जन मोहन लाल, तोरण निषाद, कुमार पटेल, ईश्वर निषाद, राजकुमार निषाद सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने शासन की इस पहल की सराहना करते हुए इसे आम जनता के हित में एक सराहनीय कदम बताया। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज







